ज्ञान शांति मैत्री

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University Established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

**Prof.(Dr.) Anil Kumar Rai**
**Director : Centre for Communication and Media Studies**
**Dean : Student's Walfare**

**प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय**
**निदेशक : संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र**
**अधिष्ठाता : विद्यार्थी कल्याण**

क्रमांक : 001/2014/स.प.ज/36–03/2015
दिनांक : 29.10.2015

## अति आवश्यक सूचना

सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस (31.10.2015) के अवसर पर राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सुरक्षा के संदेश को प्रचारित–प्रसारित एवं आत्मसात करने की दृष्टि से अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मियों एवं विद्यार्थियों की सहभागिता अपेक्षित है। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों का विवरण निम्नवत् है :

**प्रातः 6:30 बजे** — **शपथ ग्रहण**

गांधी हिल पर समस्त शिक्षक एवं शिक्षकेतर अधिकारी/कर्मचारी, विद्यार्थी एवं शोधार्थी एकत्रित होंगे तथा राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सुरक्षा से संबंधित शपथ ग्रहण करेंगे।

**प्रात : 6:45 बजे** — **राष्ट्रीय एकता दौड़**

गांधी हिल से नज़ीर हाट, विश्वविद्यालय परिसर तक

**प्रात : 7:30 से 8:30 बजे** — **परिचर्चा**

**भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौतियां और सरदार पटेल** विषय पर नज़ीर हाट में परिचर्चा

**प्रात : 11:30 बजे** — **पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता**

राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सुरक्षा विषय पर विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का समता भवन, विश्वविद्यालय परिसर में आयोजन।

विश्वविद्यालय के इच्छुक शिक्षक एवं कर्मी भी पोस्टर निर्माण कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं।

**अपराह्न 12:30 बजे** — **पुस्तक प्रदर्शनी**

**सरदार वल्लभभाई पटेल** और **राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सुरक्षा** विषय पर आधारित **पुस्तकों की प्रदर्शनी का** महापंडित राहुल सांकृत्यायन केंद्रीय पुस्तकालय, विश्वविद्यालय परिसर में आयोजन। **(एक सप्ताह तक)**

**अपराह्न 3:30 बजे** — **पोस्टर प्रदर्शनी**

**सरदार वल्लभभाई पटेल** और **राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सुरक्षा** विषय पर हबीब तनवीर सभागार, विश्वविद्यालय परिसर में पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन।

**अपराह्न 4:00 बजे** — **फिल्म प्रदर्शन**

**सरदार वल्लभभाई पटेल** पर केंद्रित दूरदर्शन द्वारा निर्मित वृत्त चित्र अथवा फीचर फिल्म का हबीब तनवीर सभागार, विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शन एवं चर्चा।

**उपर्युक्त आयोजन–विवरण के अनुसार निर्धारित कार्यक्रमों में आप सभी की उपस्थिति यथा समय उपेक्षित है।**

सहयोग एवं सहभागिता की अपेक्षा में,

29.X.2015

(प्रो. अनिल कुमार राय)
समन्वयक, सरदार पटेल जन्म दिवस समारोह

गांधी हिल्स, वर्धा – 442005 (महाराष्ट्र) भारत
Gandhi Hill, Wardha- 442005 (Maharashtra), INDIA
Mob.: 09422905749 Ph. Off. 07152-251170 Ph. Res. 07152251068
**Email : raianilankit@gmail.com** **ccmswardha@gmail.com**
**Website: www.hindivishwa.org** **www.ccmswardha.wordpress.com**